<u>संदेश</u>

ईद-उल- फ़ित्र के मुबारक मौके पर, मैं सभी देशवासियों और विदेश में बसे हुए भारतीयों, विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

रमजान के पवित्र माह की समाप्ति पर मनाया जाने वाला प्रेम और करुणा का पर्व ईद स्नेह की भावना के विस्तार का त्योहार है। ईद हमें भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देती है। मेल जोल की भावना से ओत-प्रोत यह त्योहार हम सभी को सौहार्दपूर्ण, शांतिमय और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता है।

आइए, जश्न के इस मुबारक मौके पर समाज में भाईचारा और आपसी सौहार्द को बढ़ाने की राह पर आगे बढ़ने का संकल्प लें।

****